# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

PAGE NO : 04BOTTOM


# स्टेडियम और एसआरएमएस के बीच होगा फाइनल मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने विपक्षी टीमों को हराकर फाइनल में जगह बनायी।

पहले सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने क्रिकेट नर्सरी को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट नर्सरी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 98 रन बनाए। आकाश कुमार ने 39 और प्रतीक पाल ने 15 रन का योगदान दिया। स्टेडियम के हर्ष, कैफ, विवान, अदीब और ओम ने 1-1 विकेट हासिल किया। स्टेडियम की टीम ने 16.5 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत दर्ज की। विपिन कुमार ने 27, कुशाग्र ने 24 और सुमित मौर्य ने नाबाद 23 रन बनाए। क्रिकेट नर्सरी की ओर से दीपक, दक्ष और शाहिद ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विपिन कुमार को दिया गया।



स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट मैच में शॉट लगाता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**● विपिन कुमार और रिजवान बने मैन ऑफ द मैच**

दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने बरेली क्रिकेटर्स को 74 रनों से हराया।

एसआरएमएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 129 रन बनाए। अभिमन्यु ज्वाला ने 45 और आदित्य यादव ने 31 रन बनाए। बरेली क्रिकेटर्स की ओर से अनिकेत शर्मा और हेमंत ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरेली क्रिकेटर्स की टीम 15.6 ओवर में मात्र 55 रनों पर सिमट गई। कृष्ण ने 16 और विनीत गुप्ता ने 10 रन बनाए। एसआरएमएस के रिजवान ने ने 5 और अंशुमन कश्यप ने 3 विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रिजवान को दिया गया। मैचों की अंपायरिंग मनोज सागर, बंटी मौर्य, शिवांशु पांडे और अरुण यादव ने की।

स्कोरिंग अब्दुल जीशान की। कोच नितेश भारद्वाज ने बताया कि फाइनल सुबह 9 बजे से एसआरएमएस और स्टेडियम के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर बरेली वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. मुजाहिद हसन खान, चंचल उपाध्याय और ओपी कोहली, अभिलाषा यादव, अनुज शर्मा, अबरार हुसैन, करण, आशु भारती, नसीम खान आदि मौजूद रहे।